बिहार सरकार

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

–:: अधिसूचना ::–

संख्या–1/एम0–1–109/2022–869 पटना, दिनांक 03.11.2026

कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, गोपालगंज के पत्रांक–586, दिनांक–20.03.2026 एवं पत्रांक–687, दिनांक–08.04.2026 द्वारा श्री रोहित मौर्य, सहायक अभियंता (असैनिक), लोक स्वास्थ्य अवर प्रमंडल, बरौली के पत्रांक–375, दिनांक–19.03.2026 एवं पत्रांक–10, दिनांक–08.04.2026 को संलग्न कर उपलब्ध कराया गया। जिसमें श्री मौर्य द्वारा व्यक्तिगत कारणों से अपने वर्त्तमान पद से इस्तीफा को दिनांक–17.04.2026 की तिथि से स्वीकृति प्रदान करते हुए RELIEVING LETTER तथा EXPERIENCE CERTIFICATE प्रदान करने का अनुरोध किया गया।

2. उक्त अभ्यावेदन पर विचारण के क्रम में श्री रोहित मौर्य के पत्रांक–शून्य, दिनांक–17.08.2026 द्वारा पूर्व में प्रस्तुत त्यागपत्र आवेदन को निरस्त/अमान्य मानते हुए उन्हें विभाग में अपने पद पर पूर्ववत सेवा जारी रखने की अनुमति प्रदान करते हुए कार्य प्रभार ग्रहण कराने का अनुरोध किया गया। परंतु उनके द्वारा विभाग में योगदान समर्पित नहीं किया एवं न ही कोई सूचना समर्पित की गयी।

3. अतः सम्यक विचारोपरांत श्री रोहित मौर्य, तत्कालीन सहायक अभियंता (असैनिक), लोक स्वास्थ्य अवर प्रमंडल, बरौली द्वारा समर्पित अभ्यावेदन पत्रांक–375, दिनांक–19.03.2026 एवं पत्रांक–10, दिनांक–08.04.2026 के आलोक में बिना विभागीय अनुमति के दिनांक–17.04.2026 को प्रभार त्याग दिया जाना नियमसंगत नहीं होने की स्थिति में प्रभार त्याग की तिथि से त्याग पत्र को स्वीकार किया जाता है।

4. भविष्य में उक्त पद पर श्री मौर्य का किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

5. प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

3/11/2026
(धीरज कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव (प्र0को0)

ज्ञापांक–1/एम0–1–109/2022–870 पटना, दिनांक–03.11.2026

प्रतिलिपि–दो अतिरिक्त प्रति के साथ महालेखाकार, बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना/ प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना/सभी कोषागार, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3/11/2026
(धीरज कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव (प्र0को0)

ज्ञापांक–1/एम0–1–109/2022–870 पटना, दिनांक–03.11.2026

प्रतिलिपि– अवर सचिव, ई0 गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सी0डी0 के साथ सूचनार्थ एवं बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशनार्थ हेतु अग्रसारित।

अनु0–यथोपरि।

3/11/2026
(धीरज कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव (प्र0को0)

ज्ञापांक–1/एम0–1–109/2022–870 पटना, दिनांक–03.11.2026

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/पुलिस महानिदेशक/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3/11/2026
(धीरज कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव (प्र0को0)

ज्ञापांक–1/एम0–1–109/2022– 870 पटना, दिनांक– 03.11.2026

प्रतिलिपिः–सचिव, बिहार लोक सेवा आयोग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(धीरज कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव (प्र0को0)

ज्ञापांक–1/एम0–1–109/2022– 870 पटना, दिनांक– 03.11.2026

प्रतिलिपिः–विशेष सचिव/अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय/कार्य प्रबंधन)/अपर सचिव/निदेशक, प्रांजल/सभी मुख्य अभियंता (असैनिक/यांत्रिक)/सभी अधीक्षण अभियंता (असैनिक/यांत्रिक)/सभी कार्यपालक अभियंता (असैनिक/यांत्रिक)/मुख्यालय स्थित सभी पदाधिकारी/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/ प्रभारी पदाधिकारी कंट्रोल रूम/विभागीय आई0टी0 मैनेजर (वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु)/लेखा शाखा/विभागीय डाक पटल, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/श्री रोहित मौर्य, पिता–श्री राम चन्द्र मौर्य, ग्राम–सादत बिन्दुली, पोस्ट–कुंवरदा, जिला–जौनपुर, उत्तर प्रदेश, पिन–222132 (E-mail-rohitmaurya@hotmail.com) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(धीरज कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव (प्र0को0)

ज्ञापांक–1/एम0–1–109/2022– 870 पटना, दिनांक– 03.11.2026

प्रतिलिपिः– माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के प्रधान आप्त सचिव/माननीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(धीरज कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव (प्र0को0)

03-11-26